तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 11.2 डिग्री

# हरिभूमि हिसार भूमि

रोहतक, बुधवार, 2 अप्रैल 2025



11 लिंगानुपात के मामले में गांव श्यामसुख का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन





11 फाइनल मैच में प्रभुवाला की टीम को हराकर...




## खबर संक्षेप

### उद्घघोषित आरोपी किया गिरफ्तार

**हांसी।** पीओ स्टाफ पुलिस ने चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित अपराधी ढाणी पाल व हाल हनुमान कॉलोनी निवासी सुरेंद्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत ने आरोपी को चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

### विदेश भेजने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

**हांसी।** आर्थिक अपराध शाखा पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर 42 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के एक मामले में संलिप्त एक आरोपी जांच शामिल किया। जांच में शामिल किए गए आरोपी की पहचान पंजाब के बठिंडा निवासी जसदेव के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जांच में शामिल किए गए आरोपी ने अपने दोस्तो के साथ मिलकर कुछ वर्ष पहले गांव मसूदपुर निवासी राजेंद्र व राजेश को विदेश भेजने के नाम पर लिए रुपए अपने बैक खाते में डलवाए थे। पुलिस ने आरोपी को उच्च न्यायालय चण्डीगढ़ के आदेशानुसार मामले में शामिल जांच कर रिहा कर दिया।

### अणुव्रत समिति ने दिया आपसी भाईचारे का संदेश

**हिसार।** अणुव्रत समिति हिसार द्वारा ईद-उल-फितर के मौके पर समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रव्यापी इको फ्रेंडली महोत्सव अभियान के अंतर्गत मुस्लिम समाज के लोगों के साथ ईद का पर्व मनाया। राजेंद अग्रवाल ने बताया कि समिति के सदस्यों ने भगत नगर स्थित मस्जिद में जाकर मुस्लिम भाइयों को इद-उल-फितर की मुबारक दी। इस मौके पर मोहम्मद जाहिर अब्बास ने कहा कि वे अणुव्रत समिति के सर्वधर्म सम्मेलन में पिछले 15 सालों से जा रहे हैं। अणुव्रत सभी धर्मो का आदर, सद्भावना, नैतिकता व भाईचारा सिखाता है। अणुव्रत समिति द्वारा मोहम्मद जाहिर अब्बास व वहां उपस्थित मुस्लिम समाज के गणमान्य लोगों को अणुव्रत पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। राजेंद अग्रवाल ने बताया कि समिति के सदस्यों ने भगत नगर स्थित मस्जिद में जाकर मुस्लिम भाइयों को इद-उल-फितर की मुबारक दी। इस अवसर पर राजकुमार सोनी, डेविड विक्टर आदि मौजूद रहे।

### ढ़ाई साल से निजी स्कूल में चल रही हैं प्राथमिक पाठशाला

# नए सत्र के पहले दिन सड़क पर बैठे प्राथमिक स्कूल के 126 बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

मोची मोहल्ला स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला स्कूल के बच्चे पिछले अढ़ाई साल से दर-दर भटकने को मजबूर हैं। प्राथमिक पाठशाला की पांच कक्षाओं में पढ़ रहे 126 बच्चे पिछले ढाई साल से स्कूल की बिल्डिंग कंडम होने के बाद से दर दर भटक रहे हैं। मोची मोहल्ला में स्थित प्राथमिक पाठशाला की बिल्डिंग पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सितंबर 2022 में कंडम घोषित कर दी गई थी। इसके निर्माण को लेकर 59.83 लाख रुपये का टेंडर भी अलॉट हो गया था लेकिन शिक्षा विभाग की सरकारी तंत्र की लचर कार्यप्रणाली के चलते भवन निर्माण के बजट जारी नहीं किए जाने के कारण पाठशाला का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा प्राइमरी स्कूल की बिल्डिंग को कंडम घोषित किए जाने के बाद मोची मौहल्ला के समीप स्थित पीसीएसडी स्कूल प्रबंधक समिति से बातचीत कर 6 महीने के लिए स्कूल में बच्चों को बैठा कर पढ़ाने के कमरे उपलब्ध करवाने का आग्रह किया था और स्कूल प्रबंधन समिति ने प्रशासन को नन्हे मुन्ने बच्चों के भविष्य व सर्दी के मौसम को देखते हुए 6 महीने के लिए स्कूल के दो कमरे उपलब्ध करवा दिए। पिछले अढ़ाई साल से प्राथमिक पाठशाला के बच्चों को पीसीएसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के दो कमरों में लगाया जा रहा था। पिछले दो साल से पीसीएसडी स्कूल प्रशासन शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नोटिस भेजकर उनके स्कूल के कमरों को खाली करने का आग्रह करते आ रहा था लेकिन शिक्षा विभाग के किसी भी अधिकारी ने समस्या के समाधान या पाठशाला के निर्माण की ओर ध्यान नहीं दिया।



**हांसी।** पीसीएसडी स्कूल प्राचार्या द्वारा स्कूल में प्रवेश पर पाबंदी लगाए जाने के बाद सड़क पर बैठे बच्चे। फोटो : हरिभूमि



**हांसी।** स्कूल प्राचार्या उर्मिला शर्मा के बाद साथ बातचीत करते नायब तहसीलदार व खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### पढ़ाने का अनुरोध किया

बिल्डिंग को ताला लगाए जाने की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार दयानंद व खंड शिक्षा अधिकारी जिले सिंह और पीसीएसडी स्कूल प्राचार्या उर्मिला शर्मा से बातचीत की बच्चों को कुछ समय और स्कूल में पढ़ाने देने का अनुरोध किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने समिति सदस्यों से कुछ महीने ओर मोहलत की मांग की। अधिकारियों ने कहा कि मौची मौहल्ला स्थित सरकारी स्कूल की नई बिल्डिंग के निर्माण के लिए जल्द ही फंड रिलीज होने वाला और फंड रिलीज होने के बाद भवन निर्माण का टैंडर लगा कर जल्द भवन का निर्माण करवाया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत व जल्द बिल्डिंग खाली करवाने का आश्वासन मिलने पर समिति सदस्यों ने कमरों पर लगाए ताले खोल दिए और अध्यापिकाओं ने नए सत्र का स्कूल कार्य शुरू किया।

### 6 महीने के लिए दो कमरे दिए गए थे

स्कूल प्राचार्या उर्मिला शर्मा ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी के अनुरोध पर शिक्षण संस्था की प्रबंधन समिति द्वारा अक्टूबर 2022 में सिर्फ 6 महीने के लिए दो कमरे दिए गए थे लेकिन अढ़ाई साल से स्कूल के कमरों को खाली करने के लिए बार बार नोटिस दिए जाने के बाद भी स्कूल के कमरों को खाली नहीं किया गया। इसके कारण उनके स्कूल में पढ़ने वाले 400 से अधिक विद्यार्थियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रांगण में केवल एक शौचालय है और दोनों स्कूलों के बच्चों द्वारा उस शौचालय का प्रयोग किया जाता है जिससे शौचालय बहुत ज्यादा गंदा रहता है तथा हमारे स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावकों की गंदे शौचालय को लेकर लगातार शिकायत आ रही हैं। जिसके कारण उन्होंने स्कूल के कमरों को खाली करने के लगातार शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं लेकिन जब इन नोटिस का विभाग पर कोई असर नहीं हुआ तो उन्हें मजबूरन राजकीय प्राथमिक पाठशाला को दी गई बिल्डिंग को ताला लगाना पड़ा।




**हांसी।** घिराय गांव में उप अनाज मंडी के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक विनोद भयाना। फोटो : हरिभूमि

# घिराय गांव में 3.5 करोड़ से बनेगी उप अनाज मंडी

■ उप अनाज मंडी के निर्माण कार्य का विधायक विनोद भ्याना ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

उपमंडल के गांव घिराय में मंगलवार को विधायक विनोद भयाना ने उप अनाज मंडी के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए विधायक विनोद भ्याना ने कहा कि घिराय तथा आसपास के कई गांवों के लोग काफी दिनों से फसल खरीद केंद्र को अपग्रेड कर उप अनाज मंडी बनवाने की मांग कर रहे थे। अगले 6 माह के अंदर इस अनाज मंडी का निर्माण कार्य पूरा होगा और इसी के साथ लोगों की उप अनाज मंडी बनवाने की मांग थी पूर्ण हो जाएगी। लोगों की बरसों पुरानी मांग पूरी होते देख दिल को संतुष्टि मिली है। उन्होंने कहा कि इस अनाज मंडी के निर्माण कार्य पर साढे तीन करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च आएगी।

### प्लेटफार्म के चारों ओर बनेगा 40 फुट चौड़ा रोड

इस उप अनाज मंडी का निर्माण कार्य हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा करवाया जाएगा। इस अनाज मंडी में 320 फुट लंबे तथा 316 फीट चौड़े प्लेटफार्म का निर्माण होगा, इस प्लेटफार्म के चारों तरफ 40 फुट चौड़ी सड़क भी बनवाई जाएगी। पार्किंग के लिए भी यहां व्यवस्था रहेगी। इस उप अनाज मंडी में प्लेटफॉर्म कवर शेड भी बनवाए जाएंगे। उप अनाज मंडी में लाइटिंग की भी व्यवस्था करवाई जाएगी। बिजली व्यवस्था के लिए मंडी में अलग से बिजली ट्रांसफार्मर स्थापित करवाया जाएगा।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर कृषि विपणन बोर्ड के एसडीओ विजेंद्र बामल, पूर्व नगर परिषद प्रधान प्रतिनिधि विनोद सैनी, बक्शी ठकराल, भाजपा अटल मंडल प्रधान श्याम खांडा, गांव के सरपंच प्रतिनिधि संदीप कुमार, राजवीर बूरा, शमशेर, रिसाला, मास्टर धर्मपाल सहित क्षेत्र के कई गणमान्य रहे।

# छात्रों को लक्ष्य के लिए किया प्रेरित

■ हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हवन के साथ किया नए सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हवन एवं पूजन के साथ की गई। विद्यालय परिसर में आयोजित हवन-यज्ञ कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य सुनीता चौधरी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं विद्यालय प्रबंध निदेशक अनिल कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। हवन के दौरान वेद मंत्रों के उच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य सुनीता चौधरी ने कहा कि हवन-यज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा का स्त्रोत है, जिससे छात्रों में एकाग्रता, शांति एवं विद्या के प्रति समर्पण की भावना जागृत होती है। उन्होंने नए सत्र के लिए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रबंध निदेशक अनिल कुमार ने सभी का आभार जताया।



**हांसी।** नए सत्र के शुभारंभ पर आयोजित हवन-यज्ञ में आहुति डालते स्कूल प्राचार्य सुनीता चौधरी व स्कूल प्रबंध निदेशक अनिल कुमार व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ विद्यालय में मनाया प्रवेश उत्सव

**उकलाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव के प्रथम दिन राजकीय प्राथमिक पाठशाला एफसी कॉलोनी से 29 विद्यार्थियों को मुख्य शिक्षक ईश्वर सिंह ने छठी कक्षा मे प्रवेश करवाया। विद्यालय प्राचार्य डॉ. अर्जुन देव एवं एसएमसी प्रधान सुंदर सिंह ठाकुर ने स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर सभी बच्चों का तिलक लगाकर व फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों को मिठाइयां भी वितरित की गई।

# नायब तहसीलदार ने अनाज मंडी का किया औचक निरीक्षण

■ सरसों की सरकारी बोली का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

नायब तहसीलदार रविंद्र शर्मा ने अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में नायब तहसीलदार रविंद्र शर्मा ने सरसों की सरकारी बोली का जायजा लिया कि अनाज मंडी में सरसों की फसल कितनी आई है और सरसों की फसल की कितनी खरीद हो चुकी है तथा किसानों को अनाज मंडी में मिलने वाली सुविधाओं बारे भी जांच पड़ताल की। नायब तहसीलदार ने किसानों को सरसों की फसल की 72 घंटे में पेमेंट मिलने की भी जांच पड़ताल की। इस अवसर पर मार्केट कमेटी सचिव विवेक पंघाल, सहायक सचिव सुनील जांगड़ा, अजमेर सिवाच, अनित, नरेश कुमार, प्रवीण बंसल, सुरेश बंसल, अनिल गोयल व सरपंच प्रतिनिधि नफे सिंह आदि मौजूद रहे।



**बरवाला।** अनाज मंडी में सरसों की ढेरी का जायजा लेते नायब तहसीलदार रविंद्र शर्मा, सचिव विवेक पंघाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### आरपीएस पब्लिक स्कूल में हवन-यज्ञ के साथ किया नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



**हांसी।** आरपीएस विद्यालय के प्रागंण में मंगलवार को नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन-यज्ञ के साथ किया गया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के चेयरमैन राममेहर देसवाल, प्रधानाचार्य अनुपम गोयल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके पूर्ण विधि विधान के साथ हवन-यज्ञ किया गया। हवन-यज्ञ की समाप्ति पर विद्यालय के चेयरमैन राम मेहर देसवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कठोर परिश्रम करने बारे प्रेरित किया। हवन-यज्ञ समारोह के अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया।

# यूपीएस व एनपीएस के विरोध में मनाया काला दिवस

■ नारनौंद मॉडल स्कूल के अध्यापकों ने काले बिल्ले लगाकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने की मांग को लेकर सरकारी कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर काला दिवस मनाया और सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

नारनौंद मॉडल स्कूल के अध्यापकों समेत अन्य कर्मचारियों ने यूपीएस और एनपीएस के खिलाफ नाराजगी जताते हुए सरकार को कड़ी चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ओपीएस बहाल नहीं की गई तो आंदोलन और तेज होगा। पिछले कई वर्षों से कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करने की मांग कर रहे हैं। हालांकि, सरकार ने अब तक उनकी इस मांग पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इस कारण कर्मचारियों में सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।



**नारनौंद।** सरकारी स्कूल के अध्यापक काला रिबन बांधकर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

### दी चेतावनी

प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों ने सरकार को साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पुरानी पेंशन लागू नहीं की गई तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। कर्मचारी नेता राजेन्द्र डीपी व अंजना मिगलानी ने कहा कि हम सरकार को जगाने के लिए काला दिवस मना रहे हैं, लेकिन अगर हमारी मांगे नहीं मानी गईं, तो हम इससे भी बड़े आंदोलन के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर अश्वनी सैनी, जोधा सिंह, रोहित दुबे, अनुराग दलाल, नीरज, कृष्ण कुमार, सतपाल, लीलू राम, रीना, रानी, विनीता, सरिता व ममता आदि मौजूद थे।

### सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए विद्यार्थियों को दिलाई शपथ



**बरवाला।** राजकीय महाविद्यालय बरवाला में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा समिति के नोडल अधिकारी पंकज रहेजा द्वारा दिए गए निर्देशों को महाविद्यालय ने बड़ी सख्ताई से पालन करने के लिए महाविद्यालय परिसर में दोपहिया वाहन सवारों के लिए अनिवार्य हेलमेट नीति का आदेश जारी किया है। सड़क सुरक्षा के लिए निदेशक उच्च शिक्षा हरियाणा से जो भी दिशा निर्देश मिले हैं, उनका सख्ताई से पालन करना है। प्राचार्य दलबीर गिल ने विद्यार्थियों को हेलमेट पहनने की शपथ दिलाई कि वो महाविद्यालय परिसर में और बाहर भी हेलमेट व सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें। साथ ही स्टाफ को भी इस बारे में जरूरी दिशा निर्देश दिए।

**रोजगार की ओर** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने हकृवि स्थित एबिक के एग्री स्टार्टअप्स का दिया अनुदान

हकृवि से जुड़कर युवा उद्यमी बन रहे और तरक्की की दिशा में आगे बढ़ रहे: कुलपति

# कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से स्टार्टअप के लिए एक करोड़ छह लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर (एबिक) के एग्री स्टार्टअप्स के लिए भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से 8 स्टार्टअप्स के लिए एक करोड़ छह लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में चयनित स्टार्टअप्स और एबिक के बीच एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन स्टार्टअप्स की दी गई राशि जिन स्टार्टअप्स को राशि दी गई है उनमें जितेंद्र कुमार -गुरु ड्रोन एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड को 25 लाख रुपये, दीपिका अहलावत -नूको एक्सपर्ट प्राईवेट लिमिटेड 20 लाख रुपये, स्वाति शर्मा -पार्थवी आर्गेनिक विजन प्राइवेट लिमिटेड को 15 लाख रुपये, विरेन्द्र सिंह -विएमडबल्यू न्यूटरास्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड को 15 लाख रुपये, अंकित सिंह अहलावत औराप्लेनेट फ़ूड प्राइवेट लिमिटेड 15 लाख रुपये, नरेश कुमार गऊपैथी उद्योग प्राईवेट लिमिटेड 6 लाख रुपये, प्रदीप दुहन औरिक ईनिशिएटिव हिसार एलएलपी को 5 लाख रुपये तथा सज्जन जाखड़ वीलबरी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को 5 लाख रुपये दिए जाएंगे।



**हिसार।** कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ चयनित स्टार्टअप्स व अन्य अधिकारीगण।

### रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे :

कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया कि इस अनुदान राशि से स्टार्टअप सीधा किसानों से कच्चा माल खरीदकर व मूल्य संवर्धन करके अपने उत्पाद को उपभोक्ताओं तक पहुंचाएंगे जिससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी। यह ग्रांट स्टार्टअप्स द्वारा विकसित की गई नई तकनीक को बाजारीकरण करने में अहम योगदान देगी, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि हकृवि से जुडक़र युवा उद्यमी बन रहे हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, बिजनेस मैनेजर विक्रम सिंधु व राहुल उपस्थित रहे।


धन्यवाद/आभार

**गिरधर कान, नाक व गले के हस्पताल** के सफलता पूर्वक **30 साल** पूरे होने पर हम परमात्मा व आप सबका दिल से धन्यवाद करते हैं। शुरू से ही अत्याधुनिक दूरबीनों व मशीनों द्वारा इलाज के लिए यह हस्पताल इस इलाके में अग्रणी रहा है।

1 अप्रैल से डॉ. अनुज गिरधर M.B.B.S., M.S. (ENT), Gold Medalist Safdarjung Hospital & VMMC and RML Hospital, New Delhi की सेवाएँ पूर्ण रुप से इस हस्पताल में उपलब्ध है। हमें विश्वास है की पहले की तरह आपका स्नेह तथा परमात्मा का आशीर्वाद हमारे साथ बना रहेगा।

अनुभव व आधुनिकतम तकनीक द्वारा इलाज के लिए सदैव समर्पित

डॉ0 विकास गिरधर
M.B.B.S., M.S. (ENT), PGIMS, Rohtak
(कान, नाक व गला रोग विशेषज्ञ)
Formerly at: Civil Hospital, Hisar, Hindu Rao Hospital, Delhi Medical College, Rohtak

Please Scan QR Code

डॉ0 अनुज गिरधर
M.B.B.S., M.S. (ENT), Gold Medalist
Safdarjung Hospital, New Delhi
RML & ABVIMS, New Delhi
(दूरबीन कान, नाक व गला रोग विशेषज्ञ)
Formerly at: MAMC, Agroha & Sarvesh Hospital
Trained at: Jain ENT Hospital, Jaipur
KKR ENT Hospital, Chennai

पता -110, ऋषि नगर, बस स्टैंड, हिसार-Mob.: 9034731800

पहली बार मुफ्त परामर्श के लिए अखबार की कटिंग के साथ मिलें।



# पायरेसी सम्राट बन मुनव्वर फारुकी ने मचाया धमाल...

**मुंबई।** मुनव्वर फारुकी और क्रिस्टल डिसूजा अभिनीत फिल्म 'फर्स्ट कॉपी'का टीजर रिलीज कर दिया गया है। सिनेमा की दुनिया में कदम रख रहे मुनव्वर इस फिल्म में एक पायरेसी मास्टर की भूमिका अदा कर रहे हैं। लीक फिल्मों के कारणों को फिल्म में दिखाया जाएगा। यह फिल्म दर्शकों को एक रोमांच का अनुभव कराती नजर आ रही है। मुनव्वर फारुकी अपनी आगामी फिल्म 'फर्स्ट कॉपी' से सिनेमा की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसका टीजर आपको 90 के दशक में ले जाता है, जहां आरिफ के किरदार में मुनव्वर फारुकी फिल्म उद्योग में पायरेसी दुनिया का मास्टरमाइंड बन जाता है।

लाइफ Style

# तमन्ना

## 'रेड 2' में करेंगी आइटम नंबर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रेड 2' अपने ऐलान के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख के साथ-साथ 'रेड 2' के कलाकारों के भी लुक साझा किए थे। फिल्म के टीजर ने भी दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा किया था, जिसके बाद से दर्शकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार है।

इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। रेड 2 में सीधे-सादे आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। निर्माता एक खास प्रमोशनल नंबर के साथ इसे और भी मसालेदार बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, तमन्ना भाटिया को रैपर यो यो हनी सिंह के साथ एक हाई-एनर्जी डांस ट्रैक के लिए साइन किया गया है। विजय गांगुली द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना इस सप्ताह मुंबई के एक स्टूडियो में दो दिनों में फिल्माया जाएगा। यह गाना एक स्टैंडअलोन पोस्ट-क्रेडिट के रूप में काम करेगा। हालांकि, अजय और तमन्ना इस ट्रैक में स्क्रीन स्पेस साझा नहीं करेंगे। बता दें कि अजय और तमन्ना इससे पहले ही 'रेंजर' पर एक साथ काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मिशन मंगल के जगन शक्ति ने किया है। उम्मीद है कि इस नंबर की शूटिंग खत्म होने के बाद तमन्ना 'रेंजर' के सेट पर शामिल होंगी। राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित और रितेश शाह, करण व्यास और जयदीप यादव सहित और टीम द्वारा लिखित रेड 2 अमय पटनायक की 75वीं छापेमारी पर आधारित है। इस बार छापमारी दादा भाई नाम के एक शक्तिशाली टाइकून के खिलाफ होगी, जिसका किरदार रितेश देशमुख ने निभाया है।



हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर मैनः 'ब्रांड न्यू डे' की घोषणा...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'स्पाइडर मैन' की अभी तक तीन फिल्में सिनेमाघरों में धमाल मचा चुकी हैं। पीटर पार्कर के किरदार से सभी दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके टॉम हॉलैंड की आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' की आधिकारिक घोषणा मंगलवार को हुई। 'स्पाइडर मैन 4' का नाम 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' घोषित किया गया है। सोनी पिक्चर्स ने एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, ''मार्वल स्टूडियोज 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे', 31 जुलाई 2026 को रिलीज होगी।



# प्रेस कॉन्फ्रेंस में रो पड़ा किम सू ह्यून...

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिण कोरियाई अभिनेता किम सू ह्यून और दिवंगत अभिनेत्री किम से रॉन के रिश्ते और उनके पर्सनल चैट सामने आने के बाद अभिनेता लगातार विवादों में घिरे हुए हैं। अभिनेता किम सू ह्यून पर आरोप हैं कि वो किम से रॉन के साथ जब रिलेशन में थे, तब अभिनेत्री नाबालिग थीं। किम से रॉन के परिवार ने अभिनेत्री की मौत के बाद दोनों की चैट वायरल की थी, जिसमें दोनों की प्राइवेट बातें थीं। उस चैट के सामने आने के बाद इस बात की और भी पुष्टि हो रही थी कि अभिनेत्री उस समय नाबालिग थीं। अब इस पूरे मामले पर अभिनेता किम सू ह्यून ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में किम सू ह्यून भावुक नजर आए और रोने लगे।



# 'चांद मेरा दिल' में आएंगी नजर...

**मुंबई।** पिछले साल नवंबर में फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया था कि अनन्या रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' में 'किल' अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ नजर आएंगी। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी रोमांटिक-कॉमेडी साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के अलावा अनन्या 'केसरी चैप्टर 2' में भी नजर आएंगी। फिल्म में अनन्या के अलावा अक्षय कुमार और आर. माधवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, हाल ही में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुंबई में आईपीएल मैच हुआ। मैच की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री और चंकी पांडे की बेटी अनन्या ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से वहां पर मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया।



# वाणी से फ्लर्ट करते दिखे फवाद...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'अबीर गुलाल' का टीजर पोस्ट किया है। इस टीजर में फवाद खान और अभिनेत्री बारिश के मौसम में एक कार में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में फवाद एक पुरानी फिल्म '1942ः अ लव स्टोरी' का एक गाना 'कुछ ना कहो' गाते दिख रहे हैं, जिसके बाद वाणी ने अभिनेता से सवाल किया कि क्या वह फ्लर्ट कर रहे हैं, तो अभिनेता ने कहा कि आप क्या चाहती हैं कि वह करें। इस वीडियो को पोस्ट करते समय वाणी ने कैप्शन में लिखा कि इंतजार खत्म। साथ ही लिखा कि 9 मई को सिनेमाघरों में मिलते हैं। आरती एस बागड़ी के निर्देशन में इस फिल्म को बनाया जा रहा है। इस फिल्म को ए रिचर लेंस के बैनर तले तैयार किया जा रहा है, जिसमे आरजय पिक्चर्स का सहयोग है।

टीवी मसाला



# एकता कपूर ने 'नागिन 7' पर लगाई मुहर...

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने अपने प्रसिद्ध 'नागिन' सीरियल के सातवें सीजन की पुष्टि आधिकारिक तौर पर कर दी है। एकता ने 'नागिन 7' को लेकर एर दिलचस्प जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया है। एकता ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, 'नागिन 7 जल्द आएगा, बहुत जल्द।' 'नागिन 7' में इस बार ईशा मालवीय नागिन के रोल में नजर आ सकती हैं। 'उडारियां' और 'बिग बॉस 17' से प्रसिद्ध हुईं ईशा अगर 'नागिन 7' में आती हैं, तो यह उनके कॅरियर के लिए काफी बड़ी उपलब्धि होगी। एकता कपूर के प्रसिद्ध नागिन सीरियल का पहला सीजन 2015 में शुरू हुआ था, जिसमें मौनी रॉय, अदा खान और अर्जुन बिजलानी ने अपने शानदार अभिनय से दर्शको का दिल जीता था। पहले सीजन की सफलता के बाद इसके अभी तक छह सीजन आ चुके हैं। अब प्रशंसकों को 'नागिन 7' के आने का इंतजार है। 'नागिन' टीवी सीरियल ने कई चेहरो को फैंस के बीच खास बनाया, जिनमें मौनी रॉय से लेकर हिना खान, अदा खान, सुरभि ज्योति, सुरभि चंदना, तेजस्वी प्रकाश और रश्मि देसाई शामिल हैं। बहरहाल, फैंस को अब 'नागिन 7' के आने का बेसब्री से इंतजार है।

## 'ये रिश्ता क्या...' में रोहित की होगी मौत

**नई दिल्ली।** ये रिश्ता क्या कहलाता है टीवी के पॉपुलर शोज में से एक हैं, जिसमें कई बार लीप आ चुका है। वहीं, अब चौथी पीढ़ी के साथ समृद्धि शुक्ला और रोहित पुरोहित अबीरा और अरमान की कहानी से दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं। लेटेस्ट ट्रैक में अबीरा और अरमान पेरेंट्स बनना चाहते हैं। लेकिन, वह कंसीव नहीं कर पा रहे हैं, जिसके चलते वह रुही से सरोगेट बनने के लिए कहते हैं और वह मान जाती है। लेकिन, इन सब में अब नया ट्विस्ट आना बाकी है, जिसकी झलक लेटेस्ट प्रोमो में देखने को मिली है। अरमान को एक कॉल आता है और उसे चौंकाने वाली खबर मिलती है। इसके बाद पता चलता है कि रोहित की मौत हो गई है। वहीं, अरमान रोहित से किया वादा याद करता है कि वह रुही और दक्ष का उसके जाने के बाद ख्याल रखेगा। प्रोमो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, एक हादसे ने बदल दी अबीरा-अरमान की जिंदगी।



# 92 साल पहले इस एक्ट्रेस पर फिल्माया गया था सबसे लंबा किसिंग सीन...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में अब किसिंग और इंटीमेट सीन आम हो चुके हैं। शाहरुख खान, आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन की फिल्में छोड़ दें तो तकरीबन सभी एक्टर्स फिल्मों में बिना किसिंग सीन के नजर ही नहीं आते हैं। बॉलीवुड अपनी इंटीमेट फिल्मों की वजह से बदनाम भी है, लेकिन हिंदी सिनेमा में किसिंग सीन कोई नई बात नहीं है। 92 साल पहले रिलीज हुई इस फिल्म के उस किसिंग सीन को सबसे लंबा माना जाता है, जिसमें एक्ट्रेस देविका रानी ने 30-40 के दशक में अपने को-स्टार संग तहलका मचा दिया था। देविका रानी भारत की पहली सुपरस्टार बनीं और उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री पर एक दशक तक राज किया।



***कितने मिनट का था किसिंग सीन :*** देविका रानी अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों ही लाइफ से चर्चा में रहती थीं। साल 1933 में रिलीज हुई फिल्म 'कर्मा' में उनके किसिंग सीन ने हंगामा मचा दिया था। फिल्म कर्मा का यह किसिंग सीन देविका और हिमांशु रॉय के बीच फिल्माया गया था। फिल्म में दोनों को राजकुमार-राजकुमारी के रोल में देखा गया था। इस सीन में राजकुमार को सांप काट लेता है और वह बेहोश हो जाते हैं और राजकुमारी उन्हें होश में लाने के लिए उनके होठों पर चुंबन करती हैं, यह सीन कोई रोमांटिक सीन नहीं था। कहा जाता है कि यह किसिंग सीन 4 मिनट लंबा था, लेकिन सच यह नहीं है।

***फिल्म में क्यों डाला गया किसिंग सीन?:*** लंदन में शूट हुई इस फिल्म का रनटाइम 63 मिनट का था। फिल्म का निर्देशन जे एल फ्रीयर हंट ने किया था और यह फिल्म ब्रिटिश राज में बनी थी, तो पश्चिमी दर्शकों को देखते हुए यह किसिंग सीन डाला गया था। किश्वर देसाई की किताब 'द लॉन्गेस्ट किसः द लाइफ एंड टाइम्स ऑफ देविका रानी' (2020) के मुताबिक, देविका और हिमांशु की इस फिल्म के दौरान नई-नई शादी हुई थी और इस तरह का सीन करना उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं थी। किताब के मुताबिक यह किसिंग सीन 4 नहीं, बल्कि 2 मिनट लंबा था।

# तिब्बत से आई थी ये एक्ट्रेस, बॉलीवुड ने दिया नाम और बन गई सुपरस्टार...

**नई दिल्ली।** तकदीर किसे कहां से कहां ले जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। बॉलीवुड में भी एक ऐसे ही लेजेंड्री एक्ट्रेस रहीं। जिनकी जिंदगी घूमते घूमते उन्हें इस ग्लैमर से भरी दुनिया में लेकर आ गई। इस एक्ट्रेस की जिंदगी शुरू हुई तिब्बत से, स्कूली पढ़ाई हुई दार्जिलिंग से और फिर माया नगरी के बुलावे पर तकदीर मुंबई ले आई। जहां उनकी पहचान बनी एक्ट्रेस लतिका के रूप में, जिन्होंने बीटाउन के बड़े-बड़े डायरेक्टर और एक्टर्स के साथ काम किया।



### एक्ट्रेस का सफर

ऑस्ट्रेलियाई पिता और तिब्बती मूल की लतिका का असल नाम हूंगू लामू था। लतिका जब बहुत छोटी थीं तब ही उनके पिता चल बसे। मां ने दूसरी शादी की तो लतिका को अनाथ आश्रम जाना पड़ा। जिसे एक स्कॉटिश मिशनरी संचालित करती थी। उसमें दाखिले के लिए लतिका को ईसाई बनना पड़ा। बाद में सौतेले पिता का ट्रांसफर मुंबई हुआ तो लतिका भी उनके साथ ही मुंबई आ गई। इस तरह लतिका ने पहली बार मुंबई में कदम रखा। जहां से उनकी तकदीर बदलने वाली थी।

### इस तरह मिला फिल्मों में काम

लतिका जहां रहा करती थीं वहां उनके पड़ोस में एक कथक डांसर रहती थीं। उन्हें देखकर लतिका की भी फिल्मों में काम करने की इच्छा जागी। एक दिन उस कत्थक डांसर के साथ वो मिनर्वा स्टूडियो पहुंची। जहां उन पर सोहराब मोदी की नजर पड़ी। उन्होंने लतिका को यही नाम यानी कि लतिका नाम दिया और साल 1944 में रिलीज हुई फिल्म परख में काम करने का मौका भी दिया। इस दौरान लतिका ने गोपीनाथ नाम की फिल्म में राज कपूर और जुगनू में दिलीप कुमार जैसे दिग्गज स्टार्स के साथ भी काम किया। 1944 से 1949 तक लतिका ने कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग के जौहर दिखाए। साल 1949 में उन्होंने मशहूर कॉमेडी एक्टर गोप से लव मैरिज की और फिल्मों को अलविदा कह दिया।

## 48 साल पहले 1 करोड़ रुपए में बनी और बंपर की कमाई

# बाहुबली -2 भी नहीं तोड़ पाई अमिताभ की इस फिल्म का रिकॉर्ड


**नई दिल्ली।** बाहुबली-2 28 अप्रैल, 2017 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस भारतीय फिल्म ने 1,810 करोड़ रुपए की कमाई करके अब तक का सबसे ज्यादा वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। हालांकि, यह फिल्म 1030.42 करोड़ रुपए के साथ भारत के नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में दूसरे स्थान पर है। लेकिन, अमिताभ बच्चन की जिस फिल्म पर सवाल उठ रहे हैं, वो 48 साल पहले बनी थी और इसने बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।

*अमिताभ बच्चन ने हमें शोले, जंजीर, दीवार जैसी कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली फिल्में दी हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस ए-लिस्ट अभिनेता की एक फिल्म ऐसी है जो आज भी सभी हिट फिल्मों को पीछे छोड़ रही है? बच्चन 1969 से अभिनय जगत में हैं और इस लंबे कॅरियर में उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। लेकिन, उनकी एक फिल्म ऐसी है जो आज भी प्रभास की बाहुबली 2 के सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है।*



निवेश से 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया

अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफ़िस पर 7.25 करोड़ रुपए और दुनिया भर के बॉक्स ऑफ़िस पर 15 करोड़ रुपए कमाए। दरअसल, अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर इनवेस्ट की गई राशि से 7 गुना (बढ़ा हुआ) और दुनिया भर में निवेश की गई राशि से लगभग 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया। वहीं, बाहुबली के साथ अमर अकबर एंथनी की तुलना करें तो, प्रभास की फिल्म कथित तौर पर 250 करोड़ रुपए के बजट पर बनी है। इसलिए, इसने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का लगभग 5.7 गुना ही कमाया, जबकि दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का केवल 10 गुना ही कमाया। ऐसे में 48 साल पहले सिनेमाघरों में आई अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी अभी भी अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बाहुबली 2 से आगे है।



### तीन भाइयों की कहानी पर है आधारित

हम यहां अमर अकबर एंथनी के बारे में बात कर रहे हैं। यह फिल्म तीन भाइयों की कहानी पर आधारित है, जो अलग-अलग धार्मिक परिवारों में पले-बढ़े हैं, जो कई सालों बाद एक संयोगवश मुलाकात में फिर से मिलते हैं। बिग बी, विनोद खन्ना, ऋषि कपूर, शबाना आजमी, परवीन बॉबी और नीतू सिंह स्टारर अमर अकबर एंथनी अपनी रिलीज के समय एक बड़ी सफल फिल्म थी। बच्चन स्टारर फिल्म 1977 में रिलीज हुई थी. रिपोर्ट्स के अनुसार, अमर अकबर एंथनी को 1 करोड़ रुपए के अनुमानित बजट पर बनाया गया था। इस फिल्म को ईएमडीबी द्वारा 7.4/10 रेटिंग, रॉटन टोमेटोज द्वारा 86% और प्राइम वीडियो द्वारा 7.4/10 रेटिंग मिली।

**खबर संक्षेप**

### नववर्ष सम्वत 2082 के अवसर पर कोर्ट परिसर में किया हवन

**हिसार।** नववर्ष सम्वत 2082 के उपलक्ष्य में मंगलवार को जिला बार एसोसिएशन व अधिवक्ता परिषद हिसार ने संयुक्त तत्वाधान में कोर्ट परिसर में शांति और समृद्धि के लिए हवन, मेडिकल कैंप एवं विशाल रक्तदान शिविर काआयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश कुमार मित्तल, जिला व सेशन जज, हिसार रहे। साथ ही पूनम सुनेजा, प्रिंसिपल जज, फैमिली कोर्ट व अन्य जज व ज्यूडिशियल अफसर भी इस अवसर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा, उपप्रधान विकास पुनियां, सचिव समीर भाटिया, सहसचिव सुनील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव, अधिवक्ता परिषद हरियाणा की तरफ से राजेश जैन व अधिवक्ता परिषद हिसार से संरक्षक एसएम आनंद, अध्यक्ष विष्णु गोयल, उपाध्यक्ष अजय अलावादी व ऋषि शर्मा, महामंत्री संदीप चोपड़ा, कोषाध्यक्ष विजय टक्कर आदि मौजूद रहे।

### गऊओं को मीठे दलिये की लगाई सवामणी

**हिसार।** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा हिसार के सदस्यों द्वारा श्री कृष्ण गोशाला दिल्ली बाइपास रोड में जाकर गोमाता को तिलक लगाकर पूजन किया और मीठे दलिये की सवामणि का प्रसाद लगाया गया। विवेकानंद शाखा के अध्यक्ष अमर गोयल, सचिव नरेश बंसल, कोषाध्यक्ष मनीराम बंसल व उनके साथ शाखा सदस्यों ने इसमें भाग लिया।

## अल्ट्रासाउंड और एमटीपी सेंटरों में सीसीटीव का हो निरीक्षण

# लिंगानुपात के मामले में गांव श्यामसुख का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

असामान्य लिंगानुपात वाले गांवों में एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की जबाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश, जिला स्तरीय मासिक पीएनडीटी समीक्षा बैठक आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार**



**हिसार।** जिला स्तरीय मासिक पीएनडीटी समीक्षा बैठक में उपस्थित अतिरिक्त उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

लघु सचिवालय के वीसी सभागार में मंगलवार को जिला स्तरीय मासिक पीएनडीटी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने की। इस दौरान जिले में लिंगानुपात की स्थिति, पीएनडीटी और एमटीपी एक्ट के तहत की गई कार्रवाई, निरीक्षणों की समीक्षा तथा जनजागरूकता अभियानों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिले के श्यामसुख गांव को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गांव के रूप में चुना गया। इस गांव की जनसंख्या 5047 है और यहां लिंगानुपात 1593 दर्ज किया गया, जो अत्यंत सराहनीय है। एडीसी सी. जयाश्रद्धा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में जन्म पंजीकरण में देरी हो रही है, उन क्षेत्रों में विशेष निगरानी की जाए और असामान्य लिंगानुपात वाले गांवों में की एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की जबाबदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन लिंगानुपात सुधार के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एडीसी सी. जयाश्रद्धा ने कहा कि वे स्वयं प्रत्येक सप्ताह में दो दिन कम लिंगानुपात वाले गांवों की सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व एएनएम के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा कर रही है। एडीसी ने सिविल सर्जन को भी निर्देश दिए गए कि सभी अल्ट्रासाउंड और एमटीपी सेंटरों में सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित हो और मरीजों के रजिस्टर में सही जानकारी दर्ज की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके।

**लिंगानुपात के आंकड़ों की समीक्षा**

बैठक में जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और चयनित गांवों में लिंगानुपात के आंकड़ों की समीक्षा की गई। सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत ने अवगत कराया कि मार्च माह में पीएनडीटी एक्ट के तहत एक छापेमारी की गई। इसके अलावा, जिले में पंजीकृत 113 अल्ट्रासाउंड और 52 एमटीपी केंद्रों में से 50 केंद्रों का निरीक्षण किया गया। बैठक में बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, सीईओ जिला परिषद हरबीर सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र सिंह, सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत, डीआईओ दीपक भारद्वाज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## हांसी एसडीएम कार्यालय में हवन के दौरान मधुमक्खियों का हमला

# दस लोगों को काटा, कई कर्मचारियों ने मुंह पर कपड़ा ढककर बचाई जान





**हांसी।** संयुक्त कार्यालय परिसर में हवन यज्ञ में आहुति डालते एसडीएम राजेश खोथ एवं मधुमक्खियों के हमले से बचने के बाहर भागता युवक। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी**

लघु सचिवालय में मंगलवार सुबह हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया लेकिन हवन-यज्ञ के दौरान मधुमक्खियों ने हवन-यज्ञ कर लोगों व सचिवालय परिसर में आए लोगों पर हमला कर दिया और करीब 10 लोगों को काट खाया। हवन के मौके पर एसडीएम राजेश खोथ भी मौजूद थे। हालांकि वे मधुमक्खियों के हमले में बाल-बल बच गए। हवन-यज्ञ कार्यक्रम में 30 से 40 लोग शामिल थे।

### धुएं से भड़कीं मधुमक्खियां

दरअसल, हिंदू नववर्ष के शुभारंभ पर शहर की जेसीआई संस्था द्वारा लघु सचिवालय में सुबह 8 बजे हवन कराया जा रहा था। हवन में एसडीएम राजेश खोथ भी पहुंचे थे। एसडीएम राजेश खोथ व अन्य ने जब हवन में आहुति डाली तो धुआं निकलने लगा। जब धुआं लघु सचिवालय परिसर की दीवार पर बने मधुमक्खी का छत्ते के पास पहुंचा तो धुएं से मधुमक्खियां भड़क गईं। हवन-यज्ञ वाले कमरे से बाहर निकल रहे व्यक्तियों पर मधुमक्खियों हमला कर दिया और करीब 10 लोगों को काट लिया।

### चेहरे पर रूमाल ढककर भागे लोग



कमरे में धुआं होने की वजह से मधुमक्खियां अंदर नहीं आईं। इसके चलते एसडीएम राजेश खोथ व हवन-यज्ञ में भाग लेने वाले अन्य लोग बाल बाल बच गए। इस दौरान कमरे से बाहर निकले लोगों ने खुद को बचाने के लिए चेहरे पर रूमाल और कपड़े ढक लिए। बावजूद इसके, मधुमक्खियों ने उनके हाथ और अन्य जगहों पर काट लिया।

### स्वच्छता अभियान को लेकर संस्थाओं के साथ बैठक



**हिसार।** नगर निगम अधिकारियों के साथ विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि।

**हिसार।** नगर निगम द्वारा स्वच्छता पर विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसके चलते नगर निगम के मुख्य सभागार में अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल एवं संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह की अध्यक्षता में संस्थाओं के साथ बैठक हुई। उन्होंने बताया कि निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार शहर की जितनी भी संस्थाएं स्वच्छता एवं हरियाली पर कार्य कर रही है, उन सभी के सहयोग से पूरे शहर को स्वच्छ बनाने के प्रयास किए जाएंगे। इस विशेष अभियान के तौर 14 अप्रैल तक चलाया जाएगा एवं उसके उपरांत भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। निगमायुक्त नीरज ने शहर की सभी संस्थाओं से आग्रह किया है कि निगम के इस अभियान में निगम का साथ दें, जिसके लिए वे अतिरिक्त आयुक्त अथवा संयुक्त आयुक्त से सम्पर्क कर सकते हैं। बैठक में हमारा प्यार हिसार एवं ग्रीन हिसार फीट हिसार से सतेन्द्र यादव, सुशील खरींटा, मुनीश गोयल, रोटरी सेंट्रल हिसार से नितिन ग्रोवर



**उकलाना।** हवन में आहुति डालते चेयरमैन डॉ. के सी शर्मा व अन्य।

### सरस्वती हाई स्कूल में हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ

**उकलाना।** सरस्वती हाई स्कूल और जैक एंड जिल ए प्ले स्कूल में मंगलवार को नए सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ विधिपूर्वक किया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस पावन हवन में स्कूल के चेयरमैन डॉ. के.सी. शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी के साथ पूर्ण श्रद्धा भाव से आहुति दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम धीमान, समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों ने भी हवन में भाग लिया। पंडित जी ने वेद मंत्रों के उच्चारण से पूरे परिसर को दिव्य ऊर्जा से गुंजायमान कर दिया। पूर्णाहुति के पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया। डॉ. के.सी. शर्मा ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी का पाठ पढ़ने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्या पूनम धीमान ने भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया सत्र विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और विद्यालय की निरंतर उन्नति के लिए शुभ और मंगलमय सिद्ध हो।

# अमन श्योराण बने भारत सरकार में वरिष्ठ अभियोजक

- गांव शिकापुर में खुशी का माहौल, कैबिनेट मंत्री गंगवा ने दी शुभकामनाएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार**



**हिसार।** अमन श्योराण का मुंह मीठा करवाते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ।

समीपवर्ती गांव शिकारपुर के पूर्व सरपंच राजकुमार श्योराण के बेटे अमन श्योराण का सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर (एसएफआईओ) भारत सरकार, नई दिल्ली में वरिष्ठ अभियोजक (सीनियर प्रॉसिक्यूटर) के पद पर चयन हुआ है।

अमन श्योराण के इस उच्च पद पर चयन से परिवार तथा गांव में खुशी का माहौल है। अमन श्योराण शुरू से ही पढ़ाई व खेल में अव्वल रहा है तथा उनकी स्कूली शिक्षा गांव शिकारपुर व हिसार में हुई। वहीं उच्च शिक्षा एलएलबी व एलएलएम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र से हुई। अमन बैडमिंटन के भी अच्छे खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान बैडमिंटन खेलते हुए गोल्ड मेडल भी जीता है।

उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद अमन श्योराण ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी। उनकी मेहनत रंग लाई और उनका चयन बैंकिंग में को लॉ ऑफिसर के पद पर हो गया। इसके बाद अमन श्योराण ने वर्ष 2023 मे संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित लेबर एनफोर्समेंट ऑफिसर परीक्षा पास की। अमन के पिता राजकुमार श्योराण गांव शिकारपुर के सरपंच रहे हैं तथा वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मिर्जापुर, हिसार में इतिहास प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं।

प्रदेश सरकार में लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा तथा गांव शिकारपुर के सरपंच रोहतास अलड़ीया, नंबरदार सुभाष घोड़ेला सहित गांव वासियों ने अमन श्योराण को उनकी नियुक्ति पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



बरवाला। अखिल भारतीय सेवा संघ की बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारी व पर्यवेक्षक। फोटो :हरिभूमि

### विक्की रहेजा अध्यक्ष व संजीव भाटिया सचिव नियुक्त

**बरवाला।** अखिल भारतीय सेवा संघ बरवाला शाखा की बैठक हुई। बैठक में शाखा का चुनाव करवाने बारे विचार विमर्श किया गया। इसमें चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में मौके पर पहुंचे राजेन्द्र सपड़ा के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष महेन्द्र सेतिया, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश वधवा, प्रदेश सचिव संदीप भाटिया व महेन्द्र सैनी मौजूद रहे। चुनाव पर्यवेक्षक राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि बैठक में शाखा अध्यक्ष पवन मलिक, सचिव हरीश सरदाना व कोषाध्यक्ष सुदर्शन खुराना ने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए सेवा कार्यों का लेखा-जोखा रखा। तत्पश्चात सर्वसम्मति से आगामी कार्यकाल के लिए वार्षिक चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। इसमें विक्की रहेजा को शाखा अध्यक्ष, संजीव भाटिया को सचिव व महेश कक्कड़ को कोषाध्यक्ष चुनाव गया। बैठक में नगरपालिका चेयरमैन रमेश बैटरीवाला, केवल कृष्ण आर्य, राजेन्द्र मौर्य, कृष्ण पिलानी, देवराज असीजा, सोनू चोपड़ा, जगदीश वर्मा, कश्मीर, वेदप्रकाश गर्ग, काशीराम, सुरेश सरोया, देवेन्द्र गिल, संजय शर्मा, विरेन्द्र जांगड़ा, राजू बजाज, विरेन्द्र सोनी व गणेश वलेजा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नगर निगम की टीम ने सिंगल यूज पॉलिथीन के किए पांच चालान

- खरीददारी करने जाए तो अपने साथ कपड़े का थैला लेकर जाएं : नीरज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार**



**हिसार।** चालान करती नगर निगम की टीम।

स्वच्छता शाखा की टीम ने मंगलवार को चेकिंग के दौरान पीएलए मार्केट में दुकानदारों के सिंगल यूज प्लास्टिक चालान किया। टीम ने 5 दुकानदारों के 3500 रुपये के चालान किए। टीम ने दुकानदारों व आमजन को बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक हैं। टीम ने दुकानदारों को कूड़े का सेग्रीगेशन करना, हर घर दो डस्टबिन रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने और अपने घर के कूड़े का निदान अपने स्तर पर करने बारे जागरूक किया गया। टीमें में सीएसआई राजकुमार, तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू, सीटीएल प्रदीप जाखड़ शामिल रहे। निगमायुक्त नीरज ने दुकानदारों से अपील की कि वे 120 माईक्रोन से कम के पॉली बैग का प्रयोग न करें। टीम ने दुकानदारों व आमजन को गीला व सूखा कचरे को नीले व हरे रंग अलग-अलग डस्टबिन में डालने व उन्हें नगर निगम द्वारा संचालित गाड़ियों में अलग-अलग डालने की अपील की।

# किसान बिना दवाइयों के प्रयोग के सब्जी व फल पैदा करें : सुभाष चंद्रा

- दवाइयों के प्रयोग वाली सब्जियां शरीर के लिए घातक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी आदमपुर**



**मंडी आदमपुर।** अनाज मंडी में किसानों को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद सुभाष चंद्रा । फोटो :हरिभूमि

अनाज मंडी में आदमपुर किसान प्रोड्यूसर कंपनी का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित किसानों व लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सुभाष चंद्रा ने कहा कि किसान खेतों में बिना दवाइयों के प्रयोग के सब्जी व फलों की खेती को बढ़ावा दें।

उन्होंने कहा कि बिना दवाइयां के पैदा की गई सब्जी महंगी बिकेगी तथा आमदनी भी बढ़ेगी। इसके अलावा बीमारियों से भी बचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि दवाइयां के प्रयोग से तैयार सब्जियों के प्रयोग से कैंसर जैसी बीमारियां भी फेलती है।

इस मौके पर प्रदीप बेनीवाल, इंद्र पुनिया, डॉ. नरेंद्र, सुरेंद्र जाजूदा, सुबे सिंह, हनुमान खिचड, विनोद छिपा, मनोज गोदारा, कुमार संजय सहित मौजूद रहे।

# नवरात्र पर कैबिनेट मंत्री ने बनभौरी माता मंदिर में की पूजा-अर्चना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला**



**बरवाला।** नवरात्र के पावन अवसर पर बनभौरी माता मंदिर में पूजा अर्चना करते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा।

नवरात्र के शुभ अवसर पर मंगलवार को लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बनभौरी माता मंदिर में पूजा अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व चेयरमैन सतबीर सिंह वर्मा भी उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने मंदिर में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। माता रानी की पूजा अर्चना के पश्चात कैबिनेट मंत्री ने बरवाला विधानसभा क्षेत्र के मील गेट, अंबेडकर नगर और रामनगर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया।

**सूचना**

मैं, अंकिता पुत्री विनोद कुमार निवासी गांव ढाणी मोहब्बतपुर, तहसील आदमपुर, जिला हिसार बयान करती हूं कि मैंने 12 वीं कक्षा केंद्रीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड रजि. नंबर एच 222/40954/0004 रोल नं 17643736 के तहत जुलाई 2022 में उत्तीर्ण की थी। मेरी जन्मतिथि 14-6-2004 है इस अंकतालिका में मेरी माता का नम संतोष व पिता का नाम विनोद दर्ज है। जबकि मेरे पिता का वास्तविक नाम विनोद कुमार व माता का नाम संतोष रानी है। शपथकार

**सूचना**

मैं, दीपिका पुत्री श्री विनोद कुमार निवासी गांव ढाणी मोहब्बतपुर तहसील आदमपुर जिला हिसार बयान करती हूं कि मैंने 10वीं कक्षा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड रजि. नं. एच122/40954/0046 रोल नं. 17155045 के तहत जुलाई 2022 में उत्तीर्ण की है। इसमें मेरे पिता का नाम विनोद व माता का नाम सन्तोष दर्ज है जबकि मेरे पिता का वास्तविक नाम विनोद कुमार और माता का नाम सन्तोष रानी है। मेरी सही जन्मतिथि 7.8.2006 है। शपथकार

**सूचना**

मैं, दीपिका पुत्री विनोद कुमार निवासी गांव ढाणी मोहब्बतपुर, तहसील आदमपुर, जिला हिसार बयान करती हूं कि मैंने 12 वीं कक्षा केंद्रीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड रजि. नंबर एच 224/40954/0077 रोल नं 17655323 के तहत मई 2024 में उत्तीर्ण की थी। मेरी जन्मतिथि 7-8-2006 है इस अंकतालिका में मेरी माता का नाम संतोष व पिता का नाम विनोद दर्ज है। जबकि मेरे पिता का वास्तविक नाम विनोद कुमार व माता का नाम संतोष रानी है। शपथकार

## डे-नाइट टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

# फाइनल मैच में प्रभुवाला की टीम को हराकर विजेता बनीं उचाना की टीम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना**



**उकलाना।** फुटबॉल टूर्नामेंट के विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत करते एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल। फोटो :हरिभूमि

प्रभुवाला के चौधरी दलबीर सिंह स्टेडियम में पीएफसी फुटबॉल क्लब द्वारा तीन दिवसीय द्वितीय डे-नाइट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें 32 टीमों ने भाग लिया। इस फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच उचाना व प्रभुवाला की टीम के बीच खेला गया, रात 12:00 बजे तक चले इस मैच में 1- 0 से विजय हासिल की। इस रोचक मुकाबले में उचाना की टीम विजेता रही और प्रभुवाला की टीम उपविजेता बनी। पुरस्कार वितरण समारोह में हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली उचाना की टीम को ट्रॉफी व 71 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। द्वितीय स्थान पर रही प्रभुवाला की टीम को ट्रॉफी व 51 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इस दौरान उन्होंने मोटा उचाना को मैन ऑफ द टूर्नामेंट व संगम बेदी को बेस्ट डिफेंडर की उपाधि से अलंकृत किया। पुरस्कार वितरण समारोह में अमित कुमार एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट, दरबारा सिंह नंबरदार, आईना वर्मा एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट, कुलदीप इंस्पेक्टर, हिमांशु आर्य खोवाल एडवोकेट, डिंपल शर्मा, संयम खोवाल ने भी शिरकत की। आयोजक मंडल के सदस्य पीएफसी प्रधान सन्नी सरदार, ज्ञानचंद शर्मा पूर्व सरपंच, प्रेम सिंह एकलव्य, सुभाष जांगड़ा, सरदार चनवीर सिंह, विशाल बेदी, रोहित, राजेंद्र, सन्नी काठपाल, रोहतास, अंकुश व संदीप ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

### पाबड़ा की छोटी कुंडू ने 800 मीटर दौड़ में बनाया नया कीर्तिमान

**उकलाना।** हिसार में आयोजित 7वीं हरियाणा राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पाबड़ा खेल नर्सरी की छोटी कुंडू ने 800 मीटर दौड़ 2:11 सेकंड में पूरी करते हुए स्वर्ण पदक जीत के साथ एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। प्रशिक्षण के बिजेंद्र सिंह कुंडू ने बताया की छोटी देवी पहले भी अनेक पदक जीत चुकी है और क्षेत्र व जिले का नाम रोशन कर चुकी है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के आधार पर वह राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी खेलेगी। इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत तथा खेल नर्सरी की ओर से भी उनको सम्मान दिया जाएगा।



**उकलाना।** प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छोटी कुंडू व अन्य।

## खबर संक्षेप



### श्रीकृष्ण प्रणामी स्कूल डाबड़ा का नया सत्र शुरू

**हिसार।** श्रीकृष्ण प्रणामी स्कूल, डाबड़ा के प्रांगण में सनातन वैदिक परम्परानुसार हवन-यज्ञ करके पाठशाला के नये सत्र का शुभारंभ किया गया। स्वामी राजदास महाराज की अध्यक्षता में हुए हवन में स्कूल की प्रिंसिपल राजेश देवंदा, देवेंद्र देवंदा, निखिल डांगी, समस्त स्कूल स्टाफ व छात्रों ने आहुति देकर विश्व कल्याण व बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु मंगल कामना की। स्वामी राजदास महाराज ने नए सत्र में स्कूल को नई ऊंचाईयों को छूने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### इन्दाछोई गांव के स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया

**उकलाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इन्दाछोई में प्रवेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को उनके कक्षा प्रभारी तथा अन्य स्टाफ सदस्य वरिष्ठ माध्यमिक विंग की इमारत में छोड़कर आए। वहां स्टाफ सदस्यों ने तिलक लगाकर तथा पुष्प वर्षा से उनका स्वागत किया। बच्चों के लिए कला अध्यापिका सीमा सैनी द्वारा विशेष तौर पर बनाए गए स्वागत बॉक्स में उनकी फोटो खींचकर उन्हें टॉफियां भी बाँटी गईं। गत सत्र की वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य रामकुमार डावर द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

### बायोटेक्नोलॉजी में दिया ज्ञानवर्धक व्याख्यान

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के सौजन्य से 'मॉलिक्यूलर बायोलॉजी और जैव प्रौद्योगिकी में करियर अवसर और नवीनतम विकास' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. रविंद्र कुमार ने विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध, करियर के अवसर और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की।

# माता-पिता का आदर व सेवा न करने वाली संतान के लिए पूजा व दान व्यर्थ

## श्रीराम कथा में महिला श्रद्धालुओं ने नाचते-गाते हुए निकाली श्रीराम जन्मोत्सव की झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

महाराजा अग्रसेन भवन में चल रही श्रीराम कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह व श्रीराम जन्मोत्सव की झांकी निकाली गई।

श्रीराम कथा समिति द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित किए जा रहे रामनवमी महोत्सव व श्रीराम कथा के दौरान महंत चिन्मयदास जी महाराज ने शिव-पार्वती विवाह प्रसंग के माध्यम से भगवान शिव व पार्वती की महिमा से परिचय करवाया। उन्होंने कहा कि जिस माता-पिता के घर श्रीराम जैसा पुत्र जन्म लेता है तो उनका बेड़ा पार हो जाता है। उन्होंने कहा कि पिता जब दिनभर मेहनत करके थका हुआ घर लौटता है और घर पहुंचते ही पुत्र की मधुर वाणी व सद्व्यवहार देखने को मिल जाए तो उसकी सारी थकान दूर हो जाती है। इसके विपरीत यदि कोई पुत्र अपने परिजनों के प्रति कटु वाणी का प्रयोग करता है तो उसे कुपुत्र ही कहा जाएगा। महंत चिन्मयदास ने कहा कि माता-पिता की सेवा करने वाली संतान को कई जन्मों की तपस्या से अधिक फल मिलता है। उन्होंने उदाहरण देकर समझाया कि मूर्ति में भगवान की भावना कर सकते हैं तो माता-पिता में भी भगवान की भावना की जा सकती है। माता-पिता का आदर व सेवा न करने वाली संतान के लिए पूजा व दान व्यर्थ है। श्रीराम कथा समिति के पदाधिकारी सुरेंद्र लाहौरिया, राजेश बंसल व शक्ति अग्रवाल ने बताया कि श्रीराम कथा के दौरान डॉ. नकुल गुप्ता, डॉ. भूषण सुदर्शन बंसल, हेमंत सरावगी, आशा गुप्ता, मंजू गुप्ता, रामसिंह बिश्नोई, महेंद्र बंसल, विशाल बंसल, आलोक अग्रवाल, राजेंद्र बंसल, सज्जन गुप्ता, राकेश शर्मा, मंजुल गोयल, रामनिवास परसा, राकेश गुप्ता, वीरभान बंसल, जनक गुप्ता, राधेश्याम अग्रवाल, चंद्रभान सोनी व प्रेम कश्यप सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्रीराम कथा के दौरान मां जानकी सेवा दल की सदस्यों ने नाचते-गाते हुए श्रीराम जन्म की झांकी निकाली। प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप को गोद में लेकर मातृशक्ति ने नृत्य करके श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।


हिसार। श्रीराम कथा में श्रीराम जन्म की झांकी के दर्शन करते श्रद्धालु।

### मां जगदंबा में सभी देवताओं का तेज

**हिसार।** महामंडलेश्वर संतोषी माता ने कहा है कि पूर्ण सृष्टि में व्याप्त जो शक्ति है वह जगत जननी मां जगदंबा हैं। वह सर्व देवमयी हैं और उनमें सभी देवताओं का तेज समाया हुआ है। मां जगदंबा की पूजा करने से सभी देवताओं की पूजा हो जाती है। महामंडलेश्वर संतोषी माता ने श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में चल रहे आध्यात्मिक प्रवचनों के तीसरे दिन मां जगदंबा के सभी रूपों का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि सृष्टि की सभी समस्त क्रियाएं शक्ति से संचालित होती हैं व प्राण शक्ति से शारीरिक क्रियाओं का संचालन होता है। उन्होंने बताया कि विषम परिस्थिति से निकलने के लिए श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ करना चाहिए और स्वयं की सुरक्षा के लिए मां भगवती का कवच पाठ करना चाहिए। मां भगवती दसों दिशाओं की रक्षा करती हैं। मां भक्त को सभी कुछ देने वाली हैं।

## अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने एनकोर्ड की समीक्षा बैठक ली

# 14 मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ नोटिस व 7 के लाइसेंस सस्पेंड किए

- एडीसी ने जिले में नशामुक्त अभियान को तेजी से चलाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा की अध्यक्षता में एनकोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत की जा रही गतिविधियों, डी-एडिक्शन सेंटर्स की स्थिति, मेडिकल स्टोर्स के निरीक्षण तथा विद्यालयों व खेल अकादमियों में चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में जिला औषधि नियंत्रक ने मेडिकल स्टोर्स के निरीक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि मार्च महीने में 54 मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई, रिकॉर्ड मैच न होने पर 14 मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ नोटिस दिया गया तथा 7 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस सस्पेंड किए गए।

दवा विक्रेताओं को ड्रग्स एक्ट के प्रावधानों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए।



हिसार। बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देती अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्घा।

### नशे से ज्यादा प्रभावित गांवों की मैपिंग करने के निर्देश

अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनडीपीएस अधिनियम के मामलों में तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए व जिले में नशे की डिमांड व सप्लाई पर रोक लगाई जाए। जिले में नशे से सबसे ज्यादा प्रभावित गांवों की मैपिंग कर एनडीपीएस के प्रत्येक केस की समीक्षा की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशा मुक्त अभियान को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और युवाओं को नशे से बचाने के लिए निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए विशेष सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

### जिले के 101 गांव नशा मुक्त घोषित किए

बैठक में बताया गया कि फरवरी और मार्च 2025 के दौरान जिले में कुल सात नशा मुक्ति शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और नशा छोड़ने का संकल्प लिया। जिले के 101 गांव नशा मुक्त घोषित हो चुके हैं।

जिला खेल अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि खेल अकादमियों में भी विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिससे युवा खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है। बैठक में जिला अटॉर्नी कार्यालय द्वारा मार्च महीने तक लंबित मामलों की संख्या और उन पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट साझा की गई।

#### यह रहे उपस्थित

एनकोर्ड बैठक में बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, सीईओ जिला परिषद हरबीर सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र सिंह, सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत, जिला बाल कल्याण अधिकारी विनोद कुमार, जिला खेल अधिकारी नरेश कुमार, डॉ. गरिमा दहिया, डीआईओ दीपक भारद्वाज, एडीआईओ ज्योति सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएमओ ने डी एडिक्शन सेंटर्स की रिपोर्ट की पेश

बैठक में सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत द्वारा डी-एडिक्शन सेंटरों की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। नागरिक अस्पताल, हिसार स्थित ड्रग डी-एडिक्शन सेंटर, परिवर्तन अस्पताल और सेवा सदन डी-एडिक्शन सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं, मरीजों को दी जा रही सेवाओं और पुनर्वास की स्थिति का आकलन किया गया।



हिसार। सम्मानित करती स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्सना।

# रॉयल स्कूल ने घोषित किया वार्षिक परीक्षा का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा-खेड़ी में कक्षा नर्सरी से 9वीं और 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

सभी विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम जानने के लिए अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे। स्कूल में सुंदर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए जहां अभिभावकों और बच्चों ने बहुत सारी सेल्फी ली। सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, ब्रिगेडियर बिनोद कुमार (रिटायर्ड), सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा (रिटायर्ड) ने विद्यार्थियों को उनके शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी। डॉ. युद्धवीर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने अनुशासन और कठिन परिश्रम के बल पर सफलता हासिल की है।

### मुनि रंजीत कुमार स्वामी नॉलेज सेंटर का उद्घाटन

**हिसार।** बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी द्वारा स्थापित निशुल्क आचार्य महाप्रज्ञ नॉलेज सेंटर का उद्घाटन आचार्य महाश्रमण के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि रंजीत कुमार स्वामी के सान्निध्य में किया। बालसमंद रोड पर रावलवासिया धर्मशाला के पास स्थापित किए गए इस सेंटर का संचालन तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम (टीपीएफ) एवं बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी (बीएससीएस) द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस अवसर पर मुनि रंजीत कुमार ने कहा कि हर बच्चे तक शिक्षा सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास सराहनीय है। इस अवसर हितेश जैन, राजेंद्र प्रसाद जैन, गुनसागर जैन, संजय जैन, कमल जैन, सौरभ जैन, गरिमा, गौरव जैन, नवीन अग्रवाल, होशियार सिंह, मदनलाल, मनीषा जैन, अन्नु अग्रवाल व नंदकुमार जैन सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर आम जनता की आवाज को बुलंद करूंगा : काजला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

इनेलो के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सतपाल काजला का सिरसा रोड स्थित ताऊ देवीलाल सदन में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनंदन किया गया।

इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान व वरिष्ठ नेता राजेश गोदारा विशेष रूप से उपस्थित रहे। राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान ने कहा कि पार्टी ने सतपाल काजला की निष्ठा व कर्मठता को देखते हुए उनको जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष काजला ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी संगठन की नींव हैं और वो कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर आम जनता की आवाज को बुलंद करने का काम करेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामभगत गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव चतर सिंह स्याहड़वा, प्रदेश सचिव सतबीर सिसाय, सुरेंद्र लांबा, राजीव राजा, सुभाष टाक, होशियार सिंह गिल, जंग बहादुर, रमा जाखड़, प्रदीप बाजिया, साहिलदीप कस्वां, तेलूराम सरपंच, सुरेश बैरागी मंगाली व प्रवक्ता रमेश चुघ आदि मौजूद रहे।


हिसार। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सतपाल काजला।

### गुजवि में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यशाला 16 को

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (गुजविप्रौवि) में एक दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 16 अप्रैल को किया जाएगा। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से स्टार्टअप और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे युवा उद्यमी आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर सकें।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यशाला युवा उद्यमियों के लिए अति उपयोगी साबित होगी तथा भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में उपयोगी होगी। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी यह एक सार्थक कदम है। कार्यशाला का आयोजन कौशल विकास पाठ्यक्रम केंद्र (सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट कोर्सिज) के निदेशक प्रो. मनीष कुमार के मार्गदर्शन में किया जाएगा। खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग की अध्यक्षा प्रो. अराधिता रे की देखरेख में यह प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# मॉडल संस्कृति स्कूल जहाजपुल में धूमधाम से मनाया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजपुल में मंगलवार को प्रवेश उत्सव बड़ा धूमधाम से मनाया गया।

नए सत्र की शुरुआत विद्यालय में हवन करके की गई। मां सरस्वती की वंदना करते हुए विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के सुखद जीवन की कामना की गई। हवन में विद्यालय प्राचार्य सत्येंद्र सिंह मुख्य यजमान की भूमिका में रहे। सभी स्टाफ सदस्यों ने भी यज्ञ में आहुति दी। पूर्व प्राचार्य कृष्ण वर्मा ने प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर आए विद्यार्थियों को स्टेशनरी देकर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रथम दिन विद्यालय में प्रवेश को लेकर अभिभावकों में बड़ी गर्मजोशी दिखाई दी। तकरीबन 300 अभिभावक अपने बच्चों के प्रवेश के लिए विद्यालय आए।


हिसार। प्रवेश उत्सव पर आयोजित हवन में आहुति डालते प्राचार्य सत्येंद्र सिंह, स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी।

# अस्थाई गोशाला को हटाने को लेकर बार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

शहर के सरकारी हॉस्पिटल के बाहर अस्थाई गौशाला का निर्माण किया हुआ है। इसके कारण सड़क पर आए दिन हादसे होते रहते हैं।

इसी को लेकर बार एसोसिएशन ने नगर पालिका सचिव और चेयरमैन को ज्ञापन सौंप कर इसको यहां से गोशाला में शिफ्ट करने के लिए मांग की है। बार एसोसिएशन के प्रधान ज्ञान प्रकाश, सचिव सुनील पनिहार, भीम गौतम, अमन ढांडा,विकास, नरेश शर्मा, पवन, चांदी राम, कृष्ण कंबोज ने बताया की सरकारी अस्पताल के बाहर मुख्य सड़क पर एक अस्थाई गोशाला का निर्माण किया हुआ है। इसमें काफी बेसहारा पशु खड़े रहते हैं। इसके कारण रात को काफी हादसे से हो चुके हैं। उच्च अधिकारियों के संज्ञान में मामला लाया जा चुका है और नगर पालिका के सचिव और अध्यक्ष शमशेर कूकन को ज्ञापन सौंपकर इस गोशाला को यहां से दूसरी गौशाला में शिफ्ट करने की मांग की है।


नारनौंद। बार एसोसिएशन के सदस्य चेयरमैन शमशेर कुकुर व सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए।

## गुजवि कार्यकारी परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण एजेंडे पास

## ईसी की बैठक में गुजवि का 415.82 करोड़ रुपये का बजट पारित

# नए सत्र से बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग और एमए संस्कृत के कोर्स किए जाएंगे शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार की कार्यकारी परिषद की 101वीं तथा विश्वविद्यालय कोर्ट की 36वीं बैठक विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के कमेटी हाल में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण एजेंडे पास किए गए। उन्होंने कार्यकारी परिषद व विश्वविद्यालय कोर्ट के सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 से शुरू किए जाने वाले नए कोर्सों के बारे में अवगत कराया। शैक्षणिक सत्र 2025-26 से विश्वविद्यालय में नियमित बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग व एमए संस्कृत कोर्स शुरू किए जाएंगे।


हिसार। गुजवि में कार्यकारी परिषद की अध्यक्षता करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

#### शिक्षण खंड 8 का होगा विस्तार

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि बैठक में विश्वविद्यालय का 415.82 करोड़ रुपए का बजट पारित किया गया है। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। हरियाणा सरकार ने विश्वविद्यालय को 95 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। विश्वविद्यालय इस वितीय सत्र में शिक्षण खंड-8 का विस्तार, मैकेनिकल इंजीनियरिंग कार्यशाला का विस्तार तथा लड़कों व लड़कियों के लिए एक-एक छात्रावास का निर्माण करेगा।

#### ईसी के नए सदस्यों का स्वागत

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कार्यकारी परिषद के नए सदस्यों का स्वागत किया। इस बैठक में वित्त विभाग के नामित सदस्य के.एस. मलिक, तकनीकी शिक्षा विभाग के नामित सदस्य डा. के.के. कटारिया व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ऑनलाइन जुड़े। बैठक में कुलपति प्रो. जे.पी. यादव, प्रो. बी.बी. गोयल, प्रो. संदीप सिंह, प्रो. सुनीता महला, आदि मौजूद रहे।